तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024



11 शहर की सड़कों का पेंचवर्क कम्पलीट, धूल से मिली मुक्ति



12 अध्यक्षगण सहकारिता के प्रावधान को समझ समाज ...



## खबर संक्षेप

### स्कोर मेट्रिक्स हुआ जारी

**धमतरी।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा बीते दिनों वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया गया था, जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों का स्कोर मेट्रिक्स तैयार किया गया है। इस स्कोर मेट्रिक्स को जिले की वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड किया गया है। साथ ही कार्यालय के सूचना पटल पर भी स्कोर मेट्रिक्स चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय ने बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न कोर्स हेतु आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षक रखने के लिए संबंधित अभ्यर्थियों से दूरभाष के जरिए सम्पर्क किया जाएगा।

### भखारा में नलजल योजना के पानी की चोरी

**बगदेही(धमतरी)।** नगर पंचायत भखारा में नलजल योजना के पानी की चोरी होने का मामला सामने आया है। ज्ञात हो कि भखारा में नलजल योजना से सभी के घरों में पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन नगर पंचायत भखारा में कई वार्ड में लोगों द्वारा अवैध रूप से मोटर लगाकर नलजल योजना के पानी की चोरी की जा रही है। इस कारण सभी लोगों के घर में पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसकी शिकायत नगर पंचायत भखारा में कई बार की जा चुकी है लेकिन किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे जनता अपने आप को लाचार महसूस कर रही है। वार्ड क्रमांक 7 में इस प्रकार का कार्य सबसे ज्यादा हो रहा है।

### गिरौद में शिव महापुराण कथा 12 से

**मगरलोड।** ग्राम गिरौद के दुर्गा मंच बाजार चौक में दोपहर 1 से 5 शाम बजे तक 12 से 19 दिसंबर



तक शिव महापुराण कथा अमृत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 12 दिसंबर को वेदी पूजा, कलश यात्रा, कलश स्थापना, शिव महापुराण महात्म्य कथा, 13 दिसंबर को कथा प्रसंग, प्राकट्य कथा, 14 दिसंबर को संध्या देवी तपस्या, नारद मोक्ष कथा, सती कथा, 15 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह उत्सव, 16 दिसंबर को श्याम कार्तिक जन्म, तारकासुर वध, 17 दिसंबर को श्री गणेश जन्म कथा, 18 दिसंबर को तुलसी वृंदा, जालंधर वध, बेल पत्ता, वर्षा, शोभायात्रा, भोज भंडारा, महाप्रसाद वितरण पश्चात कथा का समापन होगा। कथावाचक पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी महाराज होंगे। यह आयोजन खोरबहारिन साहू, नारायणराम साहू, रामकली साहू परिवार द्वारा किया गया है।

### कमारपारा की झोपड़ी से उठाकर ले गया जंगल, कलेजा सहित आधा शरीर को खा गया

# बुजुर्ग कमार महिला का तेंदुआ ने किया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी/मगरलोड

सामान्य वन मंडल धमतरी अब सामान्य नहीं रहा। यहां जंगली जानवरों के हमले और शिकार की घटना लगातार हो रही है। दिनदहाड़े गुरूवार को एक बुजुर्ग कमार महिला को अपना शिकार बना लिया। एक दिन पहले बुधवार को हाथी के शावक ने मासूम बच्ची को पटककर मार डाला। सन 2024 में 5 घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई है।

उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के जंगल में मोहंदी रेंज के पठार सर्कल अंतर्गत मड़ेली कमारपारा में बुजुर्ग कमार महिला सुखबती 65 वर्ष का तेंदुआ ने शिकार कर लिया है। सुखबती पति रूपसिंग कमार अपने घर में सोई हुई थी। अकेली महिला पर तेंदुआ ने हमला किया और उसे उठाकर 30 मीटर दूर जंगल में ले जाकर शरीर के आधे हिस्से को खा गया। मृतिका के भतीजे चंपेश कुमार की सूचना पर सिंगपुर रेंजर पंचराम साहू, डिप्टी रेंजर पीएल लहरे, वन रक्षक हरीश दुबे और मगरलोड पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगरलोड अस्पताल भेजा गया। वन विभाग ने मृतिका के परिजनों को 25 हजार रूपये की तात्कालिक सहायता दी है।



#### कुत्ता, गाय, बकरी के बाद अब इंसान का शिकार

मड़ेली के ग्रामीण नारायण ध्रुव, रोशन ध्रुव का कहना है कि हिंसक जानवर तेंदुआ गांव की तरफ कई दिनों से आ रहा था लेकिन वन विभाग सिर्फ हाथी के आने पर लोगों को अलर्ट करता है। तेंदुआ गांव में घुसकर कुत्ता, गाय, बकरी का लगातार शिकार कर रहा है। वन विभाग हिंसक पशुओं से बचाव के उपाय नहीं बताता और न ही रात व दिन में गश्त करता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में मुर्गी फार्म होने से तेंदुआ शिकार के लिए आता रहता है।



#### सतर्कता के लिए जागरुकता अभियान

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि धमतरी जंगल क्षेत्र में सभी तरफ तेंदुए हैं। जगह चिन्हांकित कर लोगों की सतर्कता के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जिसमें जंगल की तरफ नहीं जाने, शाम के बाद घर के बाहर नहीं निकलना है। विशेषकर बच्चों को शाम के बाद नहीं भेजना चाहिए। आंगन में सोने से परहेज करें। सोने के बाद घर का दरवाजा जरूर लगाएं। इसके अलावा व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

#### एक साल के अंदर 5 घटना, 5 की मौत

1 जनवरी से 5 दिसम्बर के बीच जंगली जानवरों के हमले से 5 लोगों की मौत हो गई, जिसमें हाथी से 2 और तेंदुए से 3 की मौत हुई है। केरेगांव रेंज के ग्राम डोकाल में 2 मई को 43 वर्षीय सुरेखा सूर्यवंशी को हाथी ने कुचलकर मार डाला। 6 अगस्त को बिरगुड़ी रेंज के ग्राम कोरमुड़ में 3 साल के त्रिश कुमार को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया था। इस घटना में बच्चे की खोपड़ी का डीएनए टेस्ट कर पिता के डीएनए से मिलाना पड़ा था। 30 अगस्त को सांकरा रेंज के ग्राम धौराभाठा में तेंदुआ ने तीन साल की मासूम नेहा को शिकार बनाया। 4 दिसम्बर की रात रिसगांव पंचायत के आश्रित ग्राम आमाबहार से लगे कमारपारा में संजय कुमार अपनी 3 वर्षीय बेटी राधा के साथ सो रहा था तभी हाथी का शावक आया और मासूम को झोपड़ी से निकालकर पटक दिया। 5वीं घटना 5 दिसम्बर की है, जिसमें बुजुर्ग कमार महिला सुखबती का तेंदुए ने शिकार कर लिया।


# 15 साल बाद फिर से होगी पांचवीं-आठवीं की परीक्षा

- जिलास्तर पर विशेषज्ञों की टीम तैयार करेगी प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

15 साल बाद फिर से पांचवीं-आठवीं कक्षा की परीक्षा होगी। प्रश्न पत्र जिला स्तर पर विशेषज्ञों की टीम सिलेक्ट करेगी। इस साल 26185 छात्र पहली बार परीक्षा देंगे। खास बात यह है कि जो बच्चे इस परीक्षा में फेल होंगे, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा।

साल 2010 के बाद पांचवीं और आठवीं की परीक्षा बंद कर दी गई थी। हर छात्र को पास कर आगे की कक्षा में प्रमोट किया जा रहा था। शिक्षा पर इस सिस्टम का बुरा प्रभाव देखने को मिला। परीक्षा नहीं होने पर छात्र पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहे थे। इसके बाद सीधे उन्हें दसवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा दिलानी पड़ती थी। परीक्षा का कोई अनुभव नहीं होने और तैयारी भी नहीं होने के कारण बोर्ड परीक्षा में परफार्म नहीं कर पाते थे। यही कारण है कि शिक्षा का स्तर घटा है। दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट भी कमजोर आने लगा है। स्थिति को देखते हुए शासन ने 15 साल बाद फिर से पांचवीं और आठवीं की परीक्षा को मंजूरी दे दी है। इस साल इन कक्षाओं में पढ़ाने वाले छात्र परीक्षा दिलाएंगे। जानकारी के अनुसार पांचवीं कक्षा में 12 हजार 791 छात्र और आठवीं कक्षा में 13 हजार 194 छात्र हैं, जो पहली बार परीक्षा दिलाएंगे।



#### इसलिए बंद हुई थी परीक्षा

भारत सरकार द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 को अप्रैल 2010 से लागू किया गया। इस अधिनियम की धारा 3(1)के तहत 6-14 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। धारा 16 अंतर्गत पहली से आठवीं कक्षा तक किसी भी बच्चे को अनुत्तीर्ण नहीं किया जाना था। इसी कारण वर्ष 2010-11 से पांचवीं और आठवीं की परीक्षा समाप्त कर दी गई थी।

#### किया गया बदलाव

शिक्षा के स्तर घटते स्तर को देखते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम में बदलाव किया गया है। अब प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में पांचवीं और आठवीं की परीक्षा ली जाएगी। यदि छात्र फेल होता है तो उसे दो माह के भीतर फिर से परीक्षा दिलाने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद भी कोई छात्र फेल होता है तो उसे फिर से उसी कक्षा में रोका जाएगा। अच्छी बात यह है कि किसी भी छात्र को प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने से पहले निष्कासित नहीं किया जाएगा।

#### परीक्षा मार्च में आयोजित की जाएगी

पांचवीं और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा जिला स्तर पर ली जाएगी। गोपनीयता के साथ गुणवत्तायुक्त परीक्षा ली जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला शिक्षाधिकारी की होगी। परीक्षा हेतु विद्यार्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा मार्च माह में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का टाइम टेबल संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किया जाएगा। जाएगी। परीक्षा केंद्रों को प्रश्नपत्र वितरण के बाद इसे निकट के पुलिस थाने में रखा जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु पृथक से केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र बनाए जाएंगे। केंद्राधिकारी अपने संकुल एवं निकट के संकुल के पांचवीं व आठवीं कक्षा के शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य संपन्न कराएंगे।

# छात्र ने दो शिक्षकों को मारा चाकू







घायल शिक्षकगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- एक शिक्षक को आई गंभीर चोट

निजी स्कूल के दो शिक्षकों पर छात्र ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक शिक्षक के सिर पर गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक इंग्लिश मीडियम के दो शिक्षक जुनैद अहमद निवासी सदर बाजार व कुलप्रीत मुंजवानी लालबगीचा निवासी पर शुक्रवार को उसी के स्कूल के एक नाबालिग छात्र ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। हमला करने के बाद छात्र स्कूल से भाग गया। इस घटना में शिक्षक जुनैद अहमद के सिर पर 5 से 6 जगह चाकू लगा है, वहीं शिक्षक कुलप्रीत के हाथ में चाकू पड़ा है। घटना के बाद खून से लथपथ घायलों को अन्य शिक्षकों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जुनैद अहमद की गंभीर चोट को देखते हुए उसे रिफर कर दिया गया है। उसका उपचार मसीही अस्पताल में जारी है। वहीं शिक्षक कुलप्रीत के हाथ में चोट आई है।

#### रिफर किया गया

जिला अस्पताल के डा. अखिलेश देवांगन ने मीडिया को बताया कि घायल शिक्षकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जिसमें एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रिफर कर दिया गया है, वहीं दूसरा घायल खतरे से बाहर है।

#### अपराध दर्ज

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि दो शिक्षक हमले से घायल हुए हैं। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 109/1 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# डाक्टर्स व स्टाफ ने सीखे अग्नि दुर्घटना से बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दमकल विभाग की टीम ने जिला अस्पताल परिसर में विभिन्न अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन डाक्टर्स व स्टाफ को अग्नि दुर्घटना से बचाव की जानकारी दी।

रायपुर व झांसी के अस्पतालों में बीते दिनों हुई अग्नि दुर्घटना को देखते हुए दमकल विभाग द्वारा सुरक्षा व बचाव के लिए फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच व डेमो दिखाया जा रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को अग्निशमन विभाग के कर्मचारी गीतेश पवार, दिलीप निषाद, देवेंद्र साहू व भरत ठाकुर अग्निशमन यंत्रों के साथ फायर ब्रिगेड के वाहन से जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर में फायर फाइटरों ने डाक्टर्स, स्टाफ नर्स व स्टाफ के सामने अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन कर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों को इमरजेंसी में इस्तेमाल करने के तरीके बताए। कर्मचारियों ने डेमो के दौरान आग जलाकर विभिन्न फायर सेफ्टी यंत्रों का उपयोग कर बुझाकर दिखाया। वहीं मौजूद डाक्टर्स व स्टाफ ने उपकरणों से आग को बुझाया।

इस दौरान बताया गया कि आग कई प्रकार की होती है जिसमें ठोस आग, पेट्रोल की आग, विद्युत की आग व गैस की आग होती है। लकड़ी कोयला की ठोस आग में पानी का उपयोग, पेट्रोल या लिक्विड की आग में केमिकल फोम, विद्युत की आग में ड्राय केमिकल या पावडर व गैस की आग में सीओटू का उपयोग करने की जानकारी दी गई। इसी तरह गैस सिलेंडर में आग लगने पर बुझाने का डेमो किया गया।

इस दौरान सिविल सर्जन डा.राजेश सूर्यवंशी, डा. रविकिरण शिंदे, डा.रचना पद्मवार, डा.राकेश साहू, डा.नसीम, डा.मेहताब अहमद, डा. जिचकर, डा. पूजा चंद्राकर, डा.समीक्षा, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, सहित स्टाफ नर्स, वार्डब्वाय व अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

#### दमकल की टीम ने जिला अस्पताल में दिया डेमो



# कंडेल कालेज के उदय ने फेंका गोल्डन गोला

- राष्ट्रीय एथलेटिक्स में अब पं. रविशंकर विश्वविद्यालय का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 2 एवं 3 दिसंबर को राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। बिलासपुर के एथलेटिक्स ग्राउण्ड में आयोजित गोला फेंक में कंडेल कालेज बीए द्वितीय के छात्र उदय गड़ेवाल ने गोला फेंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल तथा तवा फेंक में सिल्वर मैडल जीता है। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के विभिन्न महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

प्राचार्य रविशदास ने कहा कि गोल्ड और सिल्वर मैडल उदय के खेल कौशल और मेहनत का प्रतीक है। यह मैडल महाविद्यालय एवं कंडेल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। क्रीड़ा प्रभारी कमलेश दीवान ने बताया कि उदय गड़ेवाल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर के एथलेटिक्स में भाग लेंगे। उदय की सफलता पर पीताम्बर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, नूतन दीवान, टुकेश्वर साहू, डा.रिचा शुक्ला, मनु नारायण, संगीता गोयल, दीक्षा सोम सहित सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।



### घूम-घूम कर 213 गांवों में जगाई फसल चक्र परिवर्तन की अलख, नतीजा उम्मीद के विपरीत

# चना का लक्ष्य 10 हजार हेक्टेयर, बोनी हुई 2 हजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

घूम-घूमकर जिला प्रशासन की टीम ने 213 गांवों में फसल चक्र परिवर्तन की अलख जगाई। उन्हारी फसल के लिए किसान राजी भी हो गए, लेकिन ऐन वक्त पर किसानों ने यू-टर्न लिया और उन्हारी की जगह फिर से धान की खेती की रूख कर लिया है। स्थिति यह है कि कृषि विभाग ने 10 हजार हेक्टेयर में चने की फसल का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 हजार हेक्टेयर में ही बोनी हुई है।

धान की दोहरी फसल से जमीन की सेहत खराब हो रही है। यही नहीं धान की फसल में कीट प्रकोप भी बढ़ गया है। किसान कीटनाशक और रासानियक खाद के दम पर धान की खेती कर रहे हैं। कुल मिलाकर खेती पूरी तरह से जहरीली हो गई है। धमतरी के आसपास एक नहीं दर्जन भर से ज्यादा गांवों में सोखन की समस्या आ गई है। इन गांवों के खेतों में पानी ठहर ही नहीं रहा है। रासायनिक खाद के असर से जमीन के नीचे का चूना पत्थर घुल रहा है, जिसके असर से सेहराडबरी में लैंड स्लाइडिंग की घटना भी हो चुकी है। जमीन का प्रोफाइल बिगड़ गया है। वहीं जिले का वाटर लेवल भी लगातार घट रहा है। इन समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस साल फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को तैयार करना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन की टीम ने 213 गांवों में घूम- घूमकर किसानों की बैठक ली और किसानों को इस गर्मी में चना, उड़द, मूंग, गेहूं, मक्का जैसी उन्हारी फसल लगाने के लिए प्रेरित किया। कई किसान फसल चक्र परिवर्तन के लिए राजी भी हो गए हैं। कृषि विभाग ने बड़ी मात्रा में बीज की व्यवस्था कर किसानों को वितरित भी कर दिया लेकिन ऐन वक्त पर किसानों ने यू-टर्न लिया। अब किसान बड़े रकबे में धान लगाने की तैयारी कर रहे हैं। चना, गेहूं, सरसों सहित अन्य उन्हारी फसलों का रकबा बढ़ा तो है, लेकिन जैसी उम्मीद की जा रही थी, वैसी वृद्धि नहीं हुई है।



#### यह है स्थिति

किसानों के शुरूआती रूझान को देखते हुए कृषि विभाग ने प्लानिंग तैयार कर ली थी। इसके तहत धान की खेती को अपनी प्लानिंग में जगह नहीं दी बल्कि उन्हारी फसलों पर फोकस किया। उधर किसान इस प्लानिंग के विपरीत फिर से बड़े रकबे में धान की फसल लेने को तैयार हैं। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग ने इस साल 10000 हजार हेक्टेयर में चने की फसल लेने का लक्ष्य रखा है। इसके विरूद्ध अब तक 2025 हेक्टेयर में ही चने की फसल लगी है। गेहूं 776 हेक्टेयर, मटर 1299, सरसों 4036, तिवड़ा 11000 हेक्टेयर में लगी है। कुछ उन्हारी फसलों की बोनी अभी चल रही है।

#### फसल बीमा का इंतजार

उन्हारी फसल लगाने वालों को फसल बीमा का सपोर्ट देने की तैयारी चल रही है। अब तक इसके लिए नोटिफिकेशन नहीं आया है। एक दो दिन में नोटिफिकेशन आने के बाद किसानों से प्रीमियम वसूली कर तय मानकों के अनुसार फसल बीमा का लाभ दिया जाएगा। इस बार रबी में धान लगाने वाले किसानों को बीमा सपोर्ट नहीं मिलेगा। किसान धान की खेती अपने रिस्क पर करेंगे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को रास्ते में मिला मोबाइल, धारक को किया वापस

**नगरी।** ग्राम मांदागिरी में शासकीय प्राथमिक शाला संचालित है। उसी स्कूल के दो शिक्षक प्रधानपाठक सदाराम नवरंग, सहायक शिक्षक जीआर भार्गव ने सुबह 9.45 बजे मांदागिरी पुल में टेक्नोपार्क (एंड्राइड) मोबाइल पड़ा देखा। शिक्षकों ने उस मोबाइल मालिक का पता लगाया। मोबाइल भूतबेड़ा कोंचेगा निवासी का था। मोबाइल मालिक को जानकारी देकर मांदागिरी प्राथमिक शाला आकर मोबाइल ले जाने की बात कही। दोनों शिक्षकों के इस नेक कार्य की सभी ने प्रशंसा की।

### लक्ष्मीकांत सतनामी समाज बोरझरा के अध्यक्ष बने

**अंवरी।** सतनामी समाज बोरझरा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सदस्यों ने



अध्यक्ष की जिम्मेदारी लक्ष्मीकांत बंजारे को दी। राजेश रात्रे उपाध्यक्ष, सचिव लोकेश रात्रे व कोषाध्यक्ष रोमनलाल रात्रे बनाये गये। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मान विदाई दी गई।

## निधन

### शंकरलाल धीवर

**धमतरी।** मोटर स्टैंड वार्ड निवासी शंकर लाल धीवर पिता स्व. रामदयाल उम्र 58 वर्ष का 4 दिसंबर



बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे जगेश्वरी धीवर के पति, रजनी, संजय धीवर के पिता, धन्नाराम धीवर के छोटे भाई एवं उत्तम धीवर, गिरिराज धीवर, डोमेन्द्र धीवर के चाचा थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार को निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकली। उनकी अंत्येष्टि में सामाजिकजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### समारीबाई पटेल

**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा कोड़मुड़पारा निवासी समारीबाई पटेल का आकस्मिक निधन हो



गया। महिला स्व-सहायता समूह की प्रमुख सदस्य थीं। वह कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र के सचिव युवराज पटेल की मां थीं। उनके निधन पर समाजजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

### एसडीएम के आदेश का तहसीलदार द्वारा पालन नहीं करने से ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

# लुगे के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम लुगे के सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। ब्लॉक मुख्यालय के रामलीला मैदान से नारेबाजी कर तहसील कार्यालय के सामने नारेबाजी कर न्याय की मांग की।

ज्ञात हो कि ग्राम लुगे में 25 वर्ष पूर्व महादेव मंदिर समिति का गठन किया गया था। मंदिर समिति में लगभग 8 से 9 एकड़ खेती जमीन है। समिति द्वारा आय व्यय की जानकारी आज तक ग्रामीणों को नहीं दी गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने नए पदाधिकारी को चार्ज दिलाने तथा प्रस्तावित भूमि पर से अतिक्रमण हटाने एसडीएम व कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय की मांग की थी। कलेक्टर एवं एसडीएम ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर मामले की छानबीन कर 3 दिसंबर को ग्राम लुगे में ग्रामीणों की उपस्थिति में तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने तथा महादेव समिति के नए पदाधिकारी को चार्ज देने कहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, पुलिस बल सहित ग्रामीण मौजूद रहे। तहसीलदार द्वारा महादेव समिति को चार्ज नहीं दिलाने तथा अतिक्रमण नहीं हटाने से नाराज आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी कर तहसील कार्यालय का घेराव कर हल्ला बोला। इस दौरान ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल, तहसीलदार, एसडीओपी रागिनी मिश्रा की संयुक्त बैठक हुई और तीन दिवस में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। ग्राम लुगे के ग्रामीणों के बताया कि प्रशासन ने तीन दिन समय लेकर ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। समय-सीमा के अंदर न्याय नहीं मिलने पर 9 दिसंबर सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर न्याय की मांग करेंगे।






# लखनऊ में माधुरी सर्वश्रेष्ठ छंदकार से हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

अखिल विश्व स्तर पर लखनऊ में आयोजित पुरस्कार प्रतियोगिता इसराजी देवी स्मृति एवं रामदयाल स्मृति ग्लोबल पुरस्कार 2024 के लिए पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित पुस्तकें गद्य या पद्य पुस्तकें आमंत्रित की गई थी। पद्य क्षेत्र में डॉ माधुरी डड़सेना के नव प्रस्तारित सम्पूर्ण सवैया संग्रह माधुरी मार्तण्ड का चयन श्रेष्ठ पद्य लेखन पर चयन समिति द्वारा नामित किया गया। माधुरी मार्तण्ड नये विधान पर 1165 प्रकार के नये सवैया के श्रेष्ठ पुस्तक के लिए डॉ माधुरी डड़सेना एवं छंदाचार्य डॉ रामनाथ साहू को इसराजी देवी स्मृति एवं रामदयाल स्मृति ग्लोबल पुरस्कार के लिए 5000 रुपए सहित सम्मान पत्र, अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया है। डॉ माधुरी की इस उपलब्धि पर डॉ रामनाथ साहू, कमलेश्वर पटेल, भीखमलाल डड़सेना, यशोदा सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञात हो डॉ माधुरी डड़सेना को हाल में ही 9 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादंबरी जबलपुर द्वारा आयोजित साहित्य सम्मान समारोह में स्व. आशुतोष तिवारी की स्मृति में कादंबरी अलंकरण से सम्मानित किया गया था।



## पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**नगरी।** नगर पंचायत में सहायक ग्रेड 3 के रूप में सेवा दे रहे हरीश पटेल की असामयिक मृत्यु के पश्चात उसके पुत्र पुष्कर पटेल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भानेद्रसिंह ठाकुर, कमल डागा, सभापति भूपेंद्र साहू, पार्षद अश्विनी निषाद सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

# धर्म जागरण व तुलसी साहित्य का प्रचार प्रसार करना ही मानस दर्शन का उद्देश्य : दीपक

- मानस दर्शन जीवन अर्पण की मानस संगोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार द्वारा संगीतमय मानस संगोष्ठी सह दीपावली मिलन समारोह एवं मयंक सम्मान समारोह का आयोजन उतई में किया गया। सम्मान समारोह में मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार मरौद भी शामिल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक स्थानीय आयोजन समिति मानस दर्शन दुर्ग मंडल थे। कार्यक्रम में अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ धमतरी, जगदीश देशमुख अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छग, गोपाल वर्मा पूर्व अध्यक्ष, नारायणलाल साहू अध्यक्ष मां कौशल्या मानस संघ रायपुर, डॉ मुन्नालाल देवदास संयोजक राजीव लोचन मानस संघ, मेहत्तरराम वर्मा अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग, नूतन साहू, नीलकंठ ठाकुर, चैतराम साहू, पुरूषोत्तम राजपूत, पं. पीलाराम शर्मा, रामराजेश साहू शामिल हुए।

मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक दीपक गुहा ने कहा कि मानस दर्शन का विस्तार अब अन्य राज्यों में हो रहा है। सबको संगठित कर धर्म जागरण व तुलसी साहित्य का प्रचार प्रसार करना ही मानस दर्शन का मूल उद्देश्य है। इस अवसर पर तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई जिसमें मानस दर्शन जीवन अर्पण राष्ट्रीय पटल के रूप में मध्यप्रदेश में संचालित किया जायेगा। मातृ देवो भव मानस दिग्दर्शन 5.0 राज्य स्तरीय ऑनलाइन मानस मंथन प्रतियोगिता हेतु पंजीयन का लिंक जारी किया गया। मानस दर्शन युवा प्रकल्प का भी गठन किया गया। बालिका वर्ग हेतु नाम की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में ओम आदित्य मानस परिवार, संतोष विनीता धीवर, वरिष्ठ संयोजक कुंभकरण सिन्हा, हेमलाल साहू, कामता सिन्हा, ढालूराम साहू, हितेंद्र साहू, घनश्याम साहू, संदीप ठाकुर, पुष्पराज साहू, सरस्वती साहू, देवराज साहू, मुकेश, धनुष यादव, पार्षद डॉ.प्रहलाद वर्मा, सतीश चंद्राकर, सतीश पारख, डॉ ओंकार चंद्राकर समेत स्वरांजलि मानस परिवार, मानस सुधा परिवार के सदस्य उपस्थित थे। डिकेंद्र हिरवानी को सलाहकार बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन त्रेता चन्द्राकर ने किया।




# आमदी में अग्निवीर प्रीतम का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी के अग्निवीर प्रीतम साहू का भव्य स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 2 निवासी यशवंत-इंद्रा साहू के पुत्र प्रीतम ने मध्यप्रदेश के सागर से अपनी अग्निवीर की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की। घर आने पर बाजे-गाजे के साथ उनका शानदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे नगर के युवा ने देशसेवा के लिए कदम बढ़ाया है। प्रीतम ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगर का मान बढ़ाया है। हमें विश्वास है कि वह देश की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और नगर का नाम रोशन करेंगे।

मौके पर वार्ड पार्षद अनीता ठाकुर, दीनदयाल श्यामलाल, गगन, युवराज, शुभम, जय किशन, नेमीचंद, रोशन, दशरथ, शिवा, कमला, अक्षय, लेखा, भारती, रेश्मा, पायल, हर्षिता, डामिन, ममता, केशरी, योगिता, राजनंदिनी, नीलिमा, उल्फी सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



# विश्व एड्स दिवस पर छात्रों, शिक्षकों ने बनाई मानव श्रृंखला

- सिलौटी स्कूल में एड्स जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि सिलौटी में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों व शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर रासेयो प्रभारी संतोष जैन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसके प्रसार को रोकने के उपायों को बल देना तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ सहानुभूति और सम्मानपूर्वक व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।

इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा दसवीं ग्रुप विजेता तथा ग्यारहवीं उपविजेता रहे। वरिष्ठ व्याख्याता एके यादव ने छात्रों से संयमित जीवन अपनाने व स्वस्थ समाज की स्थापना पर बल दिया।



## नारायण को दी गई जलांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

धान खरीदी कार्य में सेवारत नारायण साहू का निधन हो गया। गुरुवार को शोक कार्यक्रम था। जल अंजलि कार्यक्रम में शाखा संबलपुर समेत अन्य समतियों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। शोक संतप्त से परिवार मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी को सहन करने की भगवान से प्रार्थना की।

यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी है।

## गोबरा बूथ 179 के संतराम बने अध्यक्ष

**सिर्री।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ क्रमांक 179 में बूथ समिति गठन किया गया। बूथ अध्यक्ष संतराम साहू, सचिव नरेंद्र साहू बनाये गये। व्हाट्स ऐप प्रमुख राकेश, मन की बात प्रमुख रूपराम, स्वच्छता प्रमुख गोविंद, की वोटर प्रमुख रामजी साहू, मोटरसाइकिल प्रमुख पूनाराम, छह कार्यक्रम प्रमुख खूबलाल साहू, सामाजिक प्रमुख संतोष, दीपकमल प्रमुख संतोष कुमार, लाभार्थी प्रमुख टिकेश्वर, पन्ना प्रमुख चुम्मनलाल सहित छगन, लोचन, गिरधर, भुनेश्वरी, शशि बनाये गये।

# पदोन्नत प्रधानपाठिका को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्राथमिक शाला थानापारा सिहावा में पदस्थ श्रीमती पूनम सोनवानी प्राथमिक शाला कर्राघाटी की प्रधानपाठिका बनाई गई। उनकी पदोन्नति होने के बाद शाला परिसर में विदाई कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पूनम सोनवानी इस विद्यालय में 15 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। शाला परिवार की ओर से न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रपा तोमलसिंह साहू, माध्यमिक शाला सिहावा की प्रभारी पाठिका ताज बेगम, पवन देवांगन प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सिहावा, शिक्षक कविता यदु, सेवक साहू, ललिता नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कंचन पटेल, उपाध्यक्ष मानो वर्मा, पूजा मानिकपुरी, तारिका निषाद, कामिनी पटेल, ललिता पटेल, ललिता यादव, संतोषी निषाद, नीलकंठ पटेल सहित पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोनासिंह परिहार सहायक शिक्षक ने किया।



### 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा 5 लाख तक का मुफ्त उपचार

# जिले में बनाया जा रहा आयुष्मान वय वन्दना कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में 70 साल एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन दो दिसम्बर से शुरू हो गया है, जो 30 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसके तहत जिले में कुल लक्षित 42 हजार 85 वरिष्ठ नागरिक हैं, जिनका आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन किया जाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन के लिए उनके निवास के नजदीक विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजन कर, चयनित च्वाईस सेंटर ऑपरेटर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जिनका पूर्व में आरएसबीवाय, एमएसबीवाय अथवा एसईसीसी डाटा से आयुष्मान कार्ड बने होने की दशा में भी उन वरिष्ठ नागरिकों का पुनः आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना होगा, तभी उन्हें 5 लाख रूपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 70 एवं 70 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराने की अपील की है। बता दें कि योजना के तहत 70 साल एवं 70 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रूपये तक के मुफ्त उपचार का लाभ मिलेगा।



Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### साय सरकार के एक साल का कार्यकाल निराशाजनक : लेखराम



**जीजामगांव।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी विष्णुदेव साय के शासन में बिजली बिल एवं खाद्य पदार्थों में बेहताशा वृद्धि होने के कारण किसान, मजदूर व्यापारी, आमजनता परेशान हैं। सुरक्षा निधि के नाम से मनमाना बिल थमाया जा रहा है। चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने 3100 रुपये में धान खरीदने की घोषणा की थी। एकमुश्त भुगतान करने का वादा किया था। यह वादा किसानों के लिए अभिशाप बनकर रह गया है। दस हजार रुपये तुरंत किसानों को देने का वादा किया था। सोसाइटी में धान का ऑनलाइन टोकन नहीं काटा जा रहा है जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### छुही में नशामुक्ति रैली निकली

**धमतरी।** शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में हाईस्कूल छुही में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। ग्रामवासियों ने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ रैली निकाली। नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया। आयोजन में प्राचार्य नेताम मैडम, कुलेश्वर उइके, नर्बदा साहू, छविलाल सिन्हा, कौशल साहू, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मण यादव, एस. ठाकुर, मैकू राम निषाद समेत शाला परिवार का योगदान रहा।

### नर्सिंग छात्रों ने एड्स के कारणों एवं बचाव के उपाय बताए

**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस पर जिला चिकित्सालय धमतरी में बैनर, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इस रोग के प्रति आमजनों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने एड्स रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपाय साझा किये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. आर. सूर्यवंशी, नोडल ऑफिसर आदित्य सिन्हा, आईसीटीसी काउंसलर समीर मसीह, गुरुशरण एवं महाविद्यालय के शिक्षक तोपेश्वर कंवर, देवेश साहू, अनामिका साहू उपस्थित थे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संजय लाल के मार्गदर्शन में हुआ।

### जिओ जेब्रा एप से गणित होगा आसान

**नगरी।** जिला शिक्षा एव संस्थान नगरी में डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के दिशा-निर्देश पर गणित विषय का प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी गणित विषय के व्याख्याता उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप, क्षमता विकास एवं उन्मुखीकरण के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दिलीप अदानी, प्रदीप साहू, आरके प्रजापति, किंजन साहू ने गणित विषय पर ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया। शिक्षा नीति 2020 पर डा.व्हीपी चंद्रा प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल सिंगपुर ने नई शिक्षा नीति का परिचय, नीति, सिद्धांत एवं उद्देश्यों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने गणित विषय को किस तरह सरल तरीके से बच्चों तक पहुंचाएं, इस पर विशेष फोकस किया। गणित विषय में बच्चों से होने वाली त्रुटियां को दूर करना, ज्यामिति को सरल तरीका से प्रस्तुत करना, क्रमचय संचय क्षेत्रमिति समुच्चय पर चर्चा हुई। प्रश्न पत्र निर्माण के लिए ब्लूप्रिंट पर शिक्षकों द्वारा समूह बनाकर प्रस्तुतिकरण किया गया। जिओ जेब्रा एप द्वारा गणित को सरल बनाया जा सकता है। टीएलएम के माध्यम से रुचिपूर्ण पूर्ण और सरल बनाया जा सकता है। बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स दिलीप अंदानी द्वारा योग शिक्षकों को योग सिखाया गया।

### अब जिले के अन्य क्षेत्र में काम जारी : एसडीओ

# शहर की सड़कों का पेचवर्क कम्पलीट, धूल से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के चार प्रमुख मार्ग सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड, गंगरेल मार्ग, गोकुलपुर, बिलाई माता मार्ग में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से पेंचवर्क कराया गया। गड्ढे भरने और पेंचवर्क के काम से रोड चकाचक हो गया। लोगों को धूल मिट्टी से राहत मिली है। अब शासन की स्वीकृति के बाद अब डामरीकरण किया जाएगा।



पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ मनीष साहू ने बताया कि पेंचवर्क के लिए शासन से 1.5 करोड़ की स्वीकृति मिलने के बाद माह भर के अंदर शहर के सीमा क्षेत्र में लगे चारों सड़कों का पेंचवर्क कम्पलीट किया गया है। प्रारंभिक स्तर पर सड़क के गड्ढों को गिट्टी मसाला से भरा गया। इसके बाद तय स्थानों पर डामर डालकर समतल किया गया। शहर के रोड बनने के बाद जिले के विभिन्न इलाकों में पेंचवर्क का काम किया जा रहा है जो कम्पलीट होने को है।

इधर जानलेवा गड्ढों की मरम्मत होने से लोगों ने गहरी सांस ली है। विदित हो कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश होने से सड़कों की स्थिति खराब हो गई थी। नेशनल हाईवे मार्ग सहित स्टेट हाईवे की सड़कों में जानलेवा गड्ढा हो गया था। डामर उखड़ने से वाहनों के चलने से धूल उठती थी। नागरिकों ने सड़कों की मरम्मत कराने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई थी।

सिहावा रोड निवासी रामेश्वर यादव, कमल साहू, त्रिभुवन पटेल, उदेराम नेताम का कहना है कि विभाग द्वारा कराये गये पेंचवर्क से लोगों को धूल से मुक्ति मिली है। जानलेवा गड्ढे पट गए हैं। यातायात अब सुगम हो गया है। रोड किनारे व्यावसायियों एवं घरों के निवासियों को राहत मिली है। धूल के कारण वे दिनभर परेशान रहते थे पर दुकानों के सामानों को साफ करने के बाद भी धूल की परत जमती थी। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि नेशनल हाईवे मार्ग की तरह स्टेट हाईवे की सड़कों का नए सिरे डामरीकरण करवाएं ताकि रोड की मजबूती सालों तक रहे।

## बाल विवाह शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधक



- पीजी कालेज में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीके पाठक के निर्देशन एवं रासेयो इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में छात्रों को बालविवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा , स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। दुनिया के कई हिस्सों में बाल विवाह एक प्रचलित प्रथा है। भले ही दुनिया तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो समय के साथ आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। बाल विवाह को समाप्त करने के लिए हमें इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। माता-पिता और बच्चों को शिक्षित होना होगा। इस सामाजिक मुद्दे से निपटने के लिए कानून बनाये गये हैं जिसकी जानकारी सभी वर्ग तक पहुंचाना होगा।

कार्यक्रम में डा. चन्द्रिका साहू, डा. वेदवती देवांगन, डा. तामेश्वरी साहू, डा. दूजराम टंडन, खेदूराम भारती, डा सरला द्विवेदी, रीता लकरा, जयश्री पंचांगम, कृष्णा देवांगन, कोमल यादव, गोविंद प्रसाद, भीखमचंद, अभिषेक मिश्रा, कुशल चोपड़ा, दीपाली, संजय राठौर, श्रवण नाग, भीषम साहू एवं स्वयंसेवक विभा पाण्डेय, कुलदीप, रामानंद, प्रहलाद कौशल समेत अन्य उपस्थित थे।

## सहायक संचालक उद्यान को दी गई विदाई

धमतरी। सहायक संचालक उद्यान विभाग के दिलीप सिंह कुशवाहा के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर बिन्द्रानवागांव नर्सरी में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि विदाई के क्षण को आप सभी ने यादगार बना दिया है। आगे कहा कि सरकारी कर्मचारी के जीवन में यह सब जरूर आता है जब वह रिटायर्ड होता है लेकिन यह अंतिम पड़ाव नहीं है। यह जीवन के दूसरे पड़ाव की शुरुआत है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी धरम सिंह ने कहा कि श्री कुशवाहा के मार्गदर्शन में जिले में शासन की योजनाओं, आम के पौधों का रोपण वृहद स्तर पर किया गया। इसका परिणाम है कि आज जिले के प्रत्येक गांव में आम की विकसित प्रजाति के पौधे देखे जा सकते हैं। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती अनामिका साहू ने श्री कुशवाहा के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। मौके पर कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक मनोज सागर, फत्तेलाल पटेल प्रोजेक्ट आफिसर आत्मा, हितेश सिन्हा प्रोग्रामर, श्रीमती प्रज्ञा केसरी, निर्मला साहू, अर्चना सोरी, महेंद्र बारला, जय लोहानी, संतु नाग, कमोद यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## लुगे ग्राम विकास समिति हुई राजनीति का शिकार

- लेटरपेड का दुरूपयोग करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मगरलोड तहसील के ग्राम लुगे की ग्रामीण समिति राजनीति का शिकार हो गई है। गुरुवार को लुगे के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर समिति के नाम से माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम लुगे से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण टीकमचंद, हुदेश्वर नारायण, द्वारका, हितेश साहू, रिखीराम, राजाराम, नीतिशकुमार ने शिकायत में कहा है कि ग्रामीण समिति का राजनीतिकरण होने से ग्रामीण अध्यक्ष तारेंद्र निर्मलकर ने इस्तीफा दे दिया है। वर्तमान में ग्रामीण अध्यक्ष का पद शून्य है। फिर भी ग्रामीण समिति के कुछ लोग राजनीति से प्रेरित होकर ग्रामवासियों को गुमराह कर रहे हैं। ग्रामीण समिति के लेटरपेड का दुरूपयोग किया जा रहा है। घरेलू लड़ाई झगड़े में लेटरपेड के माध्यम से थाना, तहसीलदार आफिस में दबाव बनाया जाता है। ग्रामीणों ने निजी मामलों की राजनीतिक लड़ाई से कोई लेना- देना नहीं होने तथा समिति के नाम का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### एड्स पीड़ित के प्रति सहानुभूति रखने की जरूरत

**अंवरी।** छग महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाने विविध कार्यक्रम हुए। नेहा साहू सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने कहा कि एड्स एक लाइलाज़ बीमारी है। इससे केवल सावधानी से ही बचा जा सकता है। उन्होंने एचआईवी पॉजिटिव और एड्स फैलने के कारणों को बताया। एचआईवी पॉजिटिव से संक्रमित सुई, एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति के खून लेने, असुरक्षित यौन संबंध बनाने एवं एचआईवी एड्स से संक्रमित माता के गर्भ में पल रहे बच्चे को एड्स की बीमारी हो सकती है।

## जब परिस्थिति अपने बस में नहीं रहती तो उसे भगवान के भरोसे छोड़ देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



श्री नागदेव शिव महापुराण कथा एवं रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन सती जन्म कथा में कथावाचक युग पुरोहित नारायण कौशिक ने कहा कि जिनके यहां बेटी जन्म लेती है, उनके माता-पिता सौभाग्यशाली होते हैं। सती जैसे बेटी पाकर दक्ष प्रजापति का ऐश्वर्य तीनों लोकों में गूंजने लगा। दक्ष प्रजापति ने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें दक्ष ने अपने जमाई भगवान शंकर और माता सती को आमंत्रित नहीं किया। शिव के मना करने पर भी माता सती अपने पिता दक्ष के यज्ञ में चली गई। श्री कौशिक ने आगे कहा कि लाख समझाने का प्रयास करने के बाद भी परिस्थिति जब अपने बस में नहीं रहती तो उसे भगवान के भरोसे छोड़ देना चाहिए। माता सती बिना आमंत्रण के दक्ष के अनुष्ठान में चली गई। वहां उसे घोर अपमान सहना पड़ा। शिव महापुराण कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## कक्षा 10वीं से ही यूपीएससी को अपना लक्ष्य बना लिया था : कलेक्टर

- यूपीएससी व पीएससी परीक्षा की तैयारी को लेकर पीजी कालेज में हुआ करियर गाइडेंस कार्यक्रम
- आपकी तैयारी निर्भर करती है कि आप सफल होंगे या नहीं : नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीके पाठक के निर्देशन में विद्यार्थियों की यूपीएससी व पीएससी परीक्षा की तैयारी हेतु एक दिवसीय करियर गाइडेंस कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता नम्रता गांधी जिलाधीश, नेहा पवार उपपुलिस अधीक्षक एवं पीतांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल, अमित कुमार पीएम उषा प्रभारी एवं गोविंद प्रसाद करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी थे।

मुख्य वक्ता नम्रता गांधी ने छात्र -छात्राओं को यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी हेतु टिप्स दिए। विषयों के चयन, तैयारी करने की अवधि, परीक्षा की तैयारी हेतु टाइम टेबल निर्धारण, मन की एकाग्रता बढ़ाने, टाइम मैनेजमेंट की जानकारी दी।

उन्होंने छात्रों को बताया कि किसी भी कार्य को करने से पूर्व सबसे पहले अपने लक्ष्य का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 10वीं की कक्षा से ही उन्होंने यूपीएससी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। किसी भी परीक्षा की तैयारी करने से पूर्व हमें यह अवश्य जान लेना चाहिए कि वास्तव में हमारा लक्ष्य क्या है और हम यह परीक्षा क्यों दिला रहे हैं, अगर लक्ष्य की जानकारी है और पूरे तन मन धन से उसे प्राप्त करने में लग जाएं तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। हमें रात में सोने से पहले यह निश्चित कर लेना चाहिए कि अगले दिन क्या कार्य करना है, तभी हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

नेहा पवार उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रयासों की संख्या जितनी भी हो, आपकी तैयारी निर्भर करती है कि आप सफल होंगे या नहीं। आज के युग में नौकरी करने के अनेक अवसर हैं, इसलिए हमें जिस क्षेत्र में अधिक रुचि हो उन्हीं को अपना लक्ष्य बनाना चाहिए।

पीतांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक कंडेल ने पीएससी एवं यूपीएस परीक्षा के अपने अनुभव का साझा किया। बताया कि इस परीक्षा को दिलाने वाला और उत्तीर्ण प्रतिभागी अपने अंदर बहुमुखी प्रतिभा रखता है।

डा.वीके पाठक प्राचार्य ने कहा कि आपके समक्ष सुनहरा अवसर है। यहां ज्ञान के महासागर से ज्ञान के जितने मोती लूटना है लूट लीजिए। राह भटकाने वाले मिलते हैं पर उनसे लड़कर अपनी मंजिल को हांसिल करना है यही सफलता की कुंजी है। मंच संचालन आकांक्षा मरकाम सहायक प्राध्यापक एवं आभार व्यक्त गोविंद प्रसाद कैरियर काउंसलिग एवं प्लेसमेंट प्रभारी ने किया।

## भोथली बूथ क्रमांक 178 के लोमश बने अध्यक्ष



**सिर्री।** कुरुद विधानसभा के ग्राम भोथली बूथ क्रमांक 178 में भाजपा बूथ समिति का गठन वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। भाजपा बूथ समिति अध्यक्ष लोमश देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष कौशिल्या पटेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश नेताम का चयन सर्वसम्मति से किया गया। मौके पर कोमल शुक्ला, सत्यप्रकाश सिन्हा, ईश्वरीराम साहू, खूबलाल देवांगन, कमलेश चंद्राकर, राजेश सेन, जागेश्वर ध्रुव, अनूप ध्रुव, पोखराज नेताम, डागेश्वर ध्रुव, भूषण ध्रुव, युवराज देवांगन, दिनेश्वरी देवांगन, लता साहू, गीता देवांगन, नरेश्वरी ध्रुव, गणेश्वरी ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

## सास सहित घर की तीनों बहुएं ले रहीं महतारी वंदन योजना का लाभ

**धमतरी।** महिलाएं चाहे वह कामकाजी हो अथवा गृहणी, वे सबसे पहले अपने परिवार के बारे में सोचती हैं और परिवार के स्वास्थ्य, दिनचर्या, बच्चों की पढ़ाई, घर की जरूरतों को पूरा करने में समय और पैसा खर्च कर देती हैं। ऐसी ही

**अपनी निजी जरूरतों को पूरा करने में सहायक हो रही राशि**

कहानी है धमतरी शहर से लगे ग्राम मुजगहन की श्रीमती कृष्णा सेन और उनकी तीनों बहुओं श्रीमती तरूण, श्रीमती पुष्पा और श्रीमती ममता की। सास कृष्णाबाई बताती हैं कि उनके पति पवन सेन सेलून का कार्य किया करते थे, लेकिन अधिक उम्र और बेटों का इस काम में हाथ बंटाने के कारण अब नहीं करते हैं। उनके बेटे सेलून का काम करते हैं। बहुएं तरूण, पुष्पा और ममता भी घरेलू काम के साथ अन्य कार्य करती हैं। वे बताती हैं कि शासन द्वारा मिल रही महतारी वंदन योजना की राशि को अब वे अपनी निजी जरूरतों को पूरा करने में खर्च करती हैं।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## शहर के दर्जन भर सुलभ शौचालय जर्जर

- 54 में 10 की हालत खराब, नए बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





शहर के सभी 40 वार्डों में निस्तारी के लिए सार्वजनिक सुलभ शौचालय बनाया गया है, जहां शहर के नागरिक शौच और स्नान के लिए पहुंचते हैं। इसमें से दर्जनभर वार्ड के सुलभ शौचालय काफी पुराने हो गए हैं। जर्जर अवस्था में होने से लोगों ने उपयोग करना ही बंद कर दिया है। सुलभ शौचालय की दीवारें कमजोर हो गई हैं। लेट सीट टूट फूट गई है। वॉशबेसिंग का नल पाइप जंग लगकर कमजोर हो गया है। लीकेज के कारण सही मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा। लाइट नहीं होने से रात्रि में परेशानी होती है। बाथरूम में पानी का अभाव रहता है। कई बार तो सुलभ में ताला लग रहता है जो दिनभर खुलता ही नहीं। विदित हो कि शहर के अंदर 54 सुलभ शौचालय है, जिसमें कुछ सुलभ 20-30 साल पुराने हैं। मरम्मत कराकर काम चलाया जा रहा है।

जर्जर सुलभ की संख्या 10-12 है। कुछ सुलभ ऐसे हैं जिसका महीनों से उपयोग नहीं हो रहा है। लंबे समय से ताला लगा हुआ है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। नगरवासी चेतन साहू, ज्ञानेश्वर ध्रुव, पुनीत सोनकर, अनिल साहू, अजय पांडे, लीलाधर साहू, विपिन पटेल, निरंजन नेताम, हेमंत सूर्यवंशी ने बताया कि नगर के पुराने और जर्जर सुलभ शौचालयों को तोड़कर नए बनाने की जरूरत है, जिसमें बिजली, पानी सफाई की सुविधा हो। ऐसे सुलभ शौचालयों की सूची बनाकर प्राथमिकता के साथ काम करना चाहिए। शहर के अधिकांश शौचालय ऐसी ही स्थिति में है। सालों पहले बने सुलभ में अब तो ताला लगा हुआ है। बिजली पानी की सुविधा नहीं है। लेट सीट टूटी हुई है। दीवार जर्जर हो गई है। कुछ सुलभ के सामने घासफूस, झाड़ियां उग आई हैं जिसके कारण लोग वहां जाने से कतराते है स्नानागार में हमेशा पानी का अभाव रहता है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कन्हारपुरी रोड में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



**कुरुद।** कुरुद से कन्हारपुरी रोड नहर पुल के पास धारदार चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे एक आरोपी युवक को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया है। कुरूद पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कन्हारपुरी रोड नहर पुल के पास धारदार चाकू लहराते आने -जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची। यहां भूपेन्द्र भारती पिता घनश्याम भारती उम्र 19 वर्ष शांति नगर कुरूद निवासी धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डरा रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### विष्णु राज में महिलाएं बेहद खुश : रंजना



**धमतरी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने महतारी वंदन योजना की 10 वीं किस्त की राशि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में अंतरित होने के बाद कहा है कि यह कांग्रेस के उस झूठ का करारा जवाब है, जो वह इस योजना को लेकर शुरू से फैलाने में लगी हुई थी। श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस हर मुद्दे पर झूठ बोलकर हर बार मुंह की खा रही है, फिर भी झूठ बोलने, षड्यंत्र रचने और अराजकता फैलाने के मंसूबे पालने से बाज नहीं आ रही है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस वादाखिलाफी में माहिर है, इसलिए उसे हर जगह पीलिया के मरीज की तरह सबकुछ पीला-पीला नजर आता है, लेकिन प्रदेश की जनता-जनार्दन का यह दृढ़ विश्वास है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और भाजपा को काम करने की शक्ति प्रदान कर रहा है। महतारी वंदन योजना के कारण माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक भाजपा और प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा संतोष है।

### पांच साल में शहर का विकास शून्य : चेतन



**धमतरी।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि पिछले 5 साल से शहर का विकास शून्य है। ऐसा एक भी काम नहीं हुआ है जिसे महापौर अपनी उपलब्धि बताकर जनता के सामने पेश कर सके। सड़क, नाली, भवन जैसे दो चार छोटे कार्यों को छोड़ दे तो कोई बड़ा काम इस 5 साल के कार्यकाल में नहीं हुआ है। पूर्व में भाजपा शासित निगम में महापौर अर्चना चौबे के कार्यकाल के समय के कार्यों को तक पूरा कराने में महापौर नाकाम साबित हुए हैं। ऑडिटोरियम पिछले कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था। 5 साल में वह काम पूरा नहीं हो पाया है। सड़कों की हालत चलने के लायक तक नहीं रह गयी है। शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाने वाले महापौर को पहले कांग्रेस शासन काल की स्थिति देखनी चाहिए। भूपेश सरकार के समय केंद्र सरकार द्वारा पीएम आवास के लिए प्राप्त फंड दिए जाने के बावजूद राज्य सरकार ने पीएम आवास का काम रोक दिया था। अब विष्णुदेव साय के सुशासन में पीएम आवास की स्वीकृति होने से लोगों को राहत मिली है।

### रासेयो स्वयंसेवकों ने की गलियों की सफाई

**सिर्री।** शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव का सात दिवसीय रासेयो शिविर बंजारी में 8 दिसंबर तक लगाया गया है। शुभारंभ त्रिवेणी पाल सरपंच बंजारी तथा निरंजन जिला कार्यक्रम संगठक के आतिथ्य में हुआ। भाठागांव स्कूल के स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, नलकूप बोरिंग, तालाबों की सफाई के साथ पौधरोपण किया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

---

वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के अध्यक्षों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# अध्यक्षगण सहकारिता के प्रावधान को समझ समाज में उल्लेखनीय कार्य करें : चंद्राकर

**सहकारिता के माध्यम से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही मोदी सरकार**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आप सभी को मात्र प्राधिकृत अधिकारी बनकर नहीं रहना है, बल्कि सहकारिता के प्रावधान को समझ अपने साथ लोगों को जोड़कर अपेक्स बॉडी के साथ दिल्ली तक का सफर तय करना है। सोच बड़ी होगी तभी आप समाज के लिए कुछ उल्लेखनीय कार्य कर सकेंगे। उक्त बातें कुरुद के नवमनोनीत सोसायटी अध्यक्षों को शपथ ग्रहण समारोह में संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर ने कही।

गुरुवार को पुराना मंडी प्रांगण में वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी (अध्यक्षों) का शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनेक योजनाएं संचालित कर कृषि के साथ -साथ इनके सहायक क्षेत्र के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने इसके लिए अलग मंत्रालय का गठन कर किसानों के उत्थान की सोच प्रकट की। जिसका ही परिणाम है कि कुरुद विधानसभा क्षेत्र में कृषि सहायक उद्योगों को गति देने यहां 2 करोड़ 95 लाख रु. की स्वीकृति दी है। जिसमें विस्तार होना अभी बाकी है। समारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, सहकारिता नेता निर्मल चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर नारायणगिरी गोस्वामी, भीमदेव साहू, विरेन्द्र साहू, श्रीमती ज्योति चन्द्राकर, गौकरण साहू, पुष्पलता देवांगन, श्याम साहू, भानु चन्द्राकर, कृष्णकांत साहू, आनंद यदु, पुष्पेन्द्र साहू, होरीलाल साहू, लोकेश्वर सिन्हा, झागेश्वर ध्रुव, दीपक बैस, मालकराम साहू, ओसाराम साहू बतौर अतिथि के अलावा टिकेश साहू, थानेश्वर तारक, विक्रम बंजारे, सीओ जितेंद्र नंदा, टिकेंद्र बैस प्रबंधक, चंद्रकुमार साहू, त्रिलोचन बांसकर समेत भाजपा नेता व कार्यकर्ता, सहकारिता से जुड़े लोग एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।







#### पूर्ववर्ती सरकार ने औद्योगिक पार्क की जगह गौठान व तालाब बना दिए

विधायक ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि क्षेत्र ने दादागिरी और फर्जी तरीके से चुनाव लड़ने वाले लोगों का दौर भी देखा है। शुगर फैक्ट्री का झांसा देकर जमीन हड़पने की कोशिश किसने की थी सब जानते हैं। हमने रोजगार के अवसर बढ़ाने बगौद में फूडपार्क की स्थापना की। विस के विभिन्न ग्रामों में औद्योगिक पार्क स्थापित करने जमीन भी चिन्हांकित की लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने वहां तालाब और गौठान बनाकर नंबर बढ़ाने का काम किया। श्री चन्द्राकर ने सहकारिता जगत में दाऊ गंगाप्रसाद एवं प्रवीण चंद्राकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि हमने कॉपरेटिव सेक्टर में शुरू से ही काम किया। एलाइट सेक्टर को मजबूत कर इससे जुड़े लोगों की आय बढ़ाने मिल्क रुट, चिलिंग प्लांट, हथकरघा, मछली पालन, कृषि, उद्यानिकी जैसे क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराने की मुहिम जारी है।

#### हमारे प्रयास से मेरे आलोचकों के बच्चों का भविष्य भी संवरेगा

अपने दिल्ली दौरे का उल्लेख करते हुए अजय ने बताया कि देश और प्रदेश के बजट सत्र से पहले मैंने कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की समस्या बता उसके निदान का आग्रह किया। उन्होंने अपने आलोचकों से कहा कि आप अपना काम करते रहे, लेकिन हमारे इन प्रयास से आगे चलकर आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। रोजगार मूलक शिक्षा और औद्योगिक विकास से ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा किया जा सकता है। मैं निरंतर इसी प्रयास में लगा हुआ हूं। सहकारिता क्रांति को सुरक्षित हाथों में बनाये रखने उन्होंने क्षमतावान लोगों को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आकर काम करने का आव्हान किया।

#### वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि समिति के 36 अध्यक्षों ने ली शपथ

वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अंतर्गत कुरुद विधानसभा के कुल 36 अध्यक्षगणों ने शपथ ली जिसमें प्रभात बैस कुरुद, आदर्श चंद्राकर भाठागांव, चैनसिंह साहू गाड़ाडीह, बुधारूराम साहू कोड़ेबोड़, रामकुमार साहू चर्रा, पंकज सिन्हा सेमरा बी, कुलेश्वर चंद्राकर बगौद, रामस्वरूप साहू भखारा, नवीन गांधी मड़ेली, छत्रपाल बैस कोसमर्रा, कामता साहू अंवरी, नरेन्द्र ध्रुवंशी दर्रा, निराला साहू बगदेही, टेमन बंजारे थूहा, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला, थानेश्वर साहू कुहकुहा, खूबलाल साहू, मंदरौद, विकास साहू कातलबोड़, घनश्याम साहू मौरीकला, अलखराम साहू कचना, सतीश जैन रामपुर, टुमेंद्र साहू गुदगुदा, ढालचंद्र साहू जीजामगांव, नंदकुमार साहू गातापार, जीवन साहू दरबा, हेमंत साहू करगा, रामखिलावन साहू चिंवरी, दिलीप चक्रधारी कोकड़ी, भोलाराम साहू जुगदेही, चैनेश्वर साहू परखंदा, डारेंद्र साहू चंदना, हेमन्त साहू भेंडरी, संतोष सोनी मेघा, गोपालराम साहू करेलीबड़ी, रामआसरु साहू कुंडेल एवं राजेश साहू खिसोरा शामिल हैं।

---

## प्रधानमंत्री आवास से उठा गोदावरी का जीवन स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




ग्राम पंचायत कलारतराई की रहने वाली श्रीमती गोदावरीबाई पति जहुरराम को उनके सपनों का घर मिला। श्रीमती गोदावरी बतातीं है कि पक्का मकान नहीं होने से पहले बहुत तकलीफ होती थी, फिर मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायत कलारतराई में आवेदन किया और आवेदन करने के बाद मुझे वित्तीय वर्ष-2024-25 में आवास बनाने के लिए मंजूरी मिली। आवास निर्माण के लिए फिर राशि जारी की गई और राशि भी समय-समय पर प्रदान की गई और आज मेरे सपनों का घर निर्माण हो गया है। मुझे आज बहुत खुशी है कि मेरा खुद का पक्का घर बनकर तैयार हो चुका है और अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन-यापन कर रही हूं। अब घर पर पानी टपकने जैसी भी स्थिति नहीं है और न ही बिजली की समस्या है। श्रीमती गोदावरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण आज हमारे पास एक सुरक्षित और स्थायी घर है। यह योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## आदिवासी समाज के वीर मेले में आयेंगे मुख्यमंत्री

**8 से 10 दिसंबर तक राजाराव पठार में होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



8 से 10 दिसंबर तक राजाराव पठार बालोद में वीर मेला का आयोजन किया गया है। आदिवासी समाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री निवास नया रायपुर में लता उसेंडी के नेतृत्व में अकबरराम कोर्राम प्रांत अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा छग, उमेंदी राम गंगराले अध्यक्ष वीर मेला आयोजन समिति, विनोद नागवंशी प्रदेश सचिव सर्व आदिवासी समाज, जीवराखन मरई जिला अध्यक्ष धमतरी ने आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने वीर मेला में आने की सहमति दी। 8 दिसंबर को देव मड़ई, देवों का सम्मान, हाट बाजार के साथ दोपहर में विनोद नागवंशी की अध्यक्षता में जोहार युवा संसद का आयोजन किया गया है। जिले के युवा शिक्षा, रोजगार एवं अधिकार के विषय पर युवा संसद में निष्कर्ष और संकल्प पारित करेंगे।

9 दिसंबर को सुबह महिला सम्मेलन का आयोजन श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े महिला बाल विकास मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं गोमती साय विधायक पत्थलगांव की अध्यक्षता में होगा। आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान, सांस्कृतिक नृत्य होगा। सामाजिक सभा होगी। इसके मुख्य अतिथि रामलाल अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख होंगे। अध्यक्षता राम विचार नेताम करेंगे। मुख्य वक्ता अरविंद नेताम होंगे। ज्वलंत धर्मांतरण की समस्या पर विचार विमर्श किया जाएगा। शाम को आयोजित महापंचायत में सामाजिक मुखियाओं के साथ राष्ट्रीय जनजाति नीति पर चर्चा होगी। अधिकार और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए रणनीति बनाई जाएगी। 10 दिसम्बर को वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता अकबर राम कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, वन मंत्री केदार कश्यप, लता उसेंडी, दयालदास बघेल होंगे।

## राज्यपाल से वेंटिलेटर एंबुलेंस व ब्लड डोनर के बीमा की मांग



इंडियन रेडक्रॉस ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इंडियन रेडक्रॉस जिला संगठन ने राज्यपाल से वेंटिलेटर एंबुलेंस व ब्लड डोनर के लिए बीमा करने का मांग पत्र सौंपा। छग के राज्यपाल रमेन डेका बुधवार को धमतरी दौरे पर आये थे। इंडियन रेडक्रॉस धमतरी जिला के सदस्यों ने राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा है कि पूरे प्रदेश में थैलीसिमिया, सिकलीन, दुर्घटनाओं में घायल व अन्य मरीजों को ब्लड चढ़ाने की जरूरत इतनी बढ़ गई है कि अब ब्लड मिलना काफी मुश्किल हो गया है। प्राइवेट ब्लड बैंक बिना सूचना प्रदान किए जगह-जगह शिविर आयोजित कर अपने ब्लड बैंकों के लिए ब्लड का संग्रहण कर लेते हैं जिसके कारण जरूरतमंद मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रेडक्रॉस ने राज्यपाल से प्राइवेट ब्लड बैंकों को प्राप्त ब्लड का 30 प्रतिशत शासकीय अस्पताल में दिए जाने, इंडियन रेडक्रॉस धमतरी के लिए वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस प्रदान करने व शासकीय ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट करने वाले रक्तदाताओं के लिए दुर्घटना बीमा पालिसी अनिवार्य किए जाने की मांग की है।

मांग करने वालों में रेडक्रॉस जिला संगठन प्रभारी आकाशगिरी गोस्वामी, प्राप्ति वाशानी, शिवा प्रधान, वाइस चेयरमेन अवधराम साहू, राज्य प्रतिनिधि प्रदीप साहू सहित प्रबंध समिति के सदस्य खूबलाल साहू, खोमन साहू, हेमराज सोनी, जानकी गुप्ता, सुशीला नाहर, हरख जैन, गोविंद गांधी, वालंटियर आदित्य नवरंगे, टिकेश्वरी साहू, धमेंद्र साहू, धनेंद्र चेलक व श्रीमती एस.सलाम शामिल हैं।

## संसद घेरने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा और रोजगार जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार को जगाने के लिए धमतरी की एनएसयूआई ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में संसद भवन का घेराव किया। दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि एनएसयूआई ने बेरोजगारी, भर्ती में देरी और शिक्षा के बजट में कटौती जैसे मुद्दों पर कार्रवाई की मांग को लेकर संसद मार्च निकाला था। भाजपा सरकार ने शिक्षा के बजट में कटौती की है जिसका छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, भ्रष्टाचार और अल्पसंख्यक एवं हाशिए के समुदायों के लिए छात्रवृत्ति बंद करने जैसी नीति से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए छात्रवृत्ति में 50 प्रतिशत की कटौती हुई है जो आरक्षण नीतियों का उचित क्रियान्वयन नहीं है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि यह मोदी सरकार शिक्षा और छात्रों के खिलाफ है। भाजपा सरकार देश के शिक्षा स्तर को गिराने और रोजगार को खत्म करने का प्रयास कर रही है जिसके खिलाफ एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन किया पर गृहमंत्री अमित शाह के इशारों पर दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्रों, युवाओं और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। राजा देवांगन के साथ प्रशांत शर्मा, ओमप्रकाश मानिकपुरी, जय श्रीवास्तव, पूरन सोनी, अमन साहू, तेज़ प्रकाश साहू, सुदीप सिन्हा, जय ध्रुव, चन्दू सोनकर, सुनील सिन्हा, लक्की निर्मलकर, सूर्या कश्यप, अरविंद यादव, चैतन्य साहू, अज्जु देवांगन, तेजप्रताप साहू, उदय साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए।

## चुनाव में पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राज्य शासन द्वारा आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में आबादी के हिसाब से पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण विष्णुदेव साय सरकार द्वारा दी गई है। यह काफी सहरानीय कदम है। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष लीलाराम साहू ने बताया कि संघ द्वारा 2012 से आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी जा रही थी जिसका कुछ परिणाम दिख रहा है। आगे भी आर्थिक ,सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक भागीदारी के लिए आरक्षण की लड़ाई लड़ी जाएगी। लीलाराम साहू, घनाराम साहू, महावीर साहू, पुष्कर, देवनारायण, दीनदयाल, राधेश्याम, पूरन, प्रेम, पवन कुमार, कन्हैया ढीमर, सुनील, भुवन सि न हा , रघुनाथ, जितेंद्र साहू, लालचंद पटेल, दिनेश साहू, हनुमान सिन्हा ने हर्ष जताया है।

**सामुदायिक भवन एकजुटता, सामूहिकता और सामाजिक समृद्धि का प्रतीक : महापौर**

# गोकुलपुर वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




गोकुलपुर वार्ड में नए सामुदायिक भवन का महापौर विजय देवांगन,एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, वार्ड पार्षद सविता तोमन कंवर, पार्षद दीपक सोनकर ने पूजा पाठ के बाद उसे जनता को समर्पित किया।

इस दौरान महापौर ने कहा कि इन सामुदायिक भवनों का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को एक समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इन भवनों में सभी प्रकार के कार्यक्रमों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह भवन समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक वरदान साबित होगा, क्योंकि इससे उनके खर्चों में बड़ी कमी आएगी और उन्हें कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। भवन में विवाह समारोह ,धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन, सार्वजनिक बैठकें और शोक कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अलावा वार्ड स्तर पर होने वाले शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के लिए भी इन भवनों का इस्तेमाल किया जाएगा। भवनों का उपयोग उन वार्डों में भी किया जाएगा जहां जगह की कमी और सुविधाओं की कमी है। इस तरह के सामुदायिक भवनों का निर्माण न केवल शहर की सामाजिक संरचना को सशक्त करेगा, बल्कि यह नगर निगम द्वारा लोगों के लिए किए गए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार को भी दर्शाता है। महापौर ने इस पहल को शहरी विकास और समाज के सभी वर्गों के बीच समरसता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। सामुदायिक भवन न केवल एक भौतिक ढांचा है, बल्कि यह धमतरी शहर के लोगों की एकजुटता, सामूहिकता और सामाजिक समृद्धि का प्रतीक भी है। यह कदम शहर के विकास और नागरिकों के बीच सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

इस दौरान राधा यादव, मालती कंवर, सुशील साहू,कौशल्या साहू, तारामती यदु, रेवती साहू, कुमारी साहू, कल्पना साहू, सरिता यादव, देववती यादव, उषा ध्रुव, रामेश्वरी ध्रुव, शशि यादव, गिरिजा पटेल, राजेश्वरी निषाद, तामेश्वरी यादव, गयाराम यादव, कृष्णा कंवर,कलीबाई साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020